# बरौदा जलाशय योजना

## संक्षिप्त टीप

बरौदा जलाशय योजना जिला सागर के वैकल्पिक एलाइनमेंट का तुलनात्मक विवरण।

बरौदा जलाशय योजना सागर जिले की सागर तहसील के सागर विकासखण्ड के अंतर्गत ग्राम बरौदा के पास स्थानीय नाले पर प्रस्तावित है। जिसका कमाण्ड क्षेत्र रहली विकासखण्ड के अंतर्गत आता है। योजना की प्रशासकीय स्वीकृति म.प्र. शासन जल संसाधन विभाग मंत्रालय भोपाल के पत्र क्र. एफ–22/03/2016–17/ल.सि./31/1267 भोपाल दिनांक 13.07.2017 द्वारा राशि रू. 1742.51 करोड़ की 500 हे. रूपांकित सिंचाई हेतु प्रदाय की गई। योजना के प्रस्तावित स्थल पर 10.30 वर्ग किमी. जलग्रहण क्षेत्र है एवं 75% विश्वसनीयता पर अधिकतम 3.18 मिघमी. जल की आवक है। योजना के अपस्ट्रीम में शहर, सागर–रहली राजमार्ग व रेलमार्ग जैसे Obligatory points योजना के पूर्ण जलस्तर से प्रभावित नहीं करते है। योजना की प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त करने के पूर्व योजना में 469.30 मी. जल स्तर पर तीन वैकल्पिक एलाइनमेंट का तुलनात्मक विश्लेषण किया गया था, तुलनात्मक विवरण निम्नानुसार है:–

1. एलाइनमेंट नं. 1 :–

एलाइनमेंट क्र. 1 को स्थानीय नाला में दोनों ओर पहाड़ों के पास लगाकर सर्वेक्षण किया गया जिसका जल ग्रहण क्षेत्र 10.30 वर्ग किमी. है। जिसके आर.एल. 469.30 मी. के जलस्तर पर कुल 2.75 मिघमी. जल भराव क्षमता एवं 64.93 हे. कुल भूमि डूब में प्रभावित हो रही थी, जिसमें 21.06 हे. वनभूमि, 31.97 हे. निजी भूमि एवं 11.90 हे. शासकीय भूमि डूब में आ रही है। इससे मात्र 500 हे. में सिंचाई सुविधा प्राप्त होगी।

2. एलाइनमेंट नं. 2 :–

एलाइनमेंट क्र. 2 को स्थानीय नाला में दोनों ओर पहाड़ों के मध्य में सर्वेक्षण किया गया जिसका जल ग्रहण क्षेत्र 10.48 वर्ग किमी. है। जिसके आर.एल. 469.30 मी. के जलस्तर पर कुल 2.77 मिघमी. जल भराव क्षमता एवं 66.74 हे. कुल भूमि डूब में प्रभावित हो रही थी, जिसमें 21.84 हे. वनभूमि, 32.90 हे. निजी भूमि एवं 12.00 हे. शासकीय भूमि डूब में आ रही है। इससे मात्र 504 हे. में सिंचाई सुविधा प्राप्त होगी।

3. एलाइनमेंट नं. 3 :–

एलाइनमेंट क्र. 3 को स्थानीय नाला में दोनों ओर पहाड़ों के नीचे तरफ सर्वेक्षण किया गया जिसका जल ग्रहण क्षेत्र 11.20 वर्ग किमी. है। जिसके आर.एल. 469.30 मी. के जलस्तर पर कुल 2.80 मिघमी. जल भराव क्षमता एवं 69.28 हे. कुल भूमि डूब में प्रभावित हो रही थी, जिसमें 23.08 हे. वनभूमि, 34.00 हे. निजी भूमि एवं 12.20 हे. शासकीय भूमि डूब में आ रही है। इससे मात्र 510 हे. में सिंचाई सुविधा प्राप्त होगी।

उपरोक्त तीनों विकल्पों पर मुख्य अभियंता धसान केन कछार जल संसाधन विभाग एवं अधीक्षण यंत्री जल संसाधन मण्डल सागर द्वारा विचार विमर्श किया गया एवं इस निष्कर्ष पर पहुँचे कि विकल्प नं. 1 का प्रस्ताव तकनीकी रूप सही है। विकल्प नं. 1 जिस पर प्रशासकीय स्वीकृति प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत किया गया है वहीं सर्वोत्तम विकल्प है।

| स. क्र. | वैकल्पिक एलाइनमेंट | कुल भराव क्षमता मिघमी. | कुल डूब क्षेत्र हे. में. | प्रभावित वन भूमि हे. में | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एलाइनमेंट 1 | 2.75 | 64.93 | 21.06 | 1 ग्राम आंशिक डूब में प्रभावित |
| 2 | एलाइनमेंट 2 | 2.77 | 66.74 | 21.84 | 1 ग्राम आंशिक डूब में प्रभावित |
| 3 | एलाइनमेंट 3 | 2.81 | 69.28 | 23.08 | 1 ग्राम आंशिक डूब में प्रभावित |

अतः योजना निर्माण का विकल्प नं. 1 सर्वोत्तम विकल्प है, अन्य विकल्प विस्थापन, वन भूमि एवं कृषि भूमि की डूबने की दृष्टि से तकनीकी, आर्थिक, सामाजिक एवं पर्यावरणीय दृष्टि से निर्माण योग्य सही प्रतीत नहीं हैं।

(डी.सी. रजक)
~~(एम.एल. जैन)~~
**उपयंत्री**

**(अंकुर शर्मा)**
**अनुविभागीय अधिकारी**
जल संसाधन उपसंभाग क्र. 3,
गढ़ाकोटा, सागर (म.प्र.)

**(ए.के. चौबे)**
**कार्यपालन यंत्री**
जल संसाधन संभाग क्र. 1,
सागर (म.प्र.)